कार्यालयः जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़

पत्रांकः 8796-99 / 2022–23 दिनांक : 22-09-2022

प्रधानाचार्य,
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त /वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय
सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 एवं अन्य समस्त बोर्ड
जनपद अलीगढ़

विज्ञान भारती, विज्ञान प्रसार व राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (NCERT) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से विद्यार्थी विज्ञान मंथन में मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 11 तक सभी बोर्ड के विद्यार्थी vvm.org.in पर पंजीकरण कर सम्मिलित हो सकते है। परीक्षार्थी को 27 नवम्बर और या 30 नवम्बर 2022 को सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक (90 मिनट) परीक्षा में शामिल होना होगा। 20 दिसम्बर 2022 को परिणाम घोषित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश के कुल 240 विद्यार्थियों को प्रदेश स्तरीय शिविर में सहभागिता का अवसर मिलेगा। 36 विजेताओं को 5000/– 3000/– वह 2000/– के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। 24 विजयी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के शिविर में जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को जनपद स्तरीय प्रमाण पत्र दिये जाएंगे। प्रतिभागियों को 90 मिनट में 100 सवालों के जवाब देने होंगे। अधिकतर प्रश्न एप्लीकेशन बेस्ड होंगे, पंजीकरण शुल्क 200 निर्धारित किया गया है।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2022–23 संस्करण में भाग लेने वाले बच्चों को विशेष अवसर प्रदान करेगा। जिसमें प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप (1 से 3 सप्ताह) राष्ट्रीय (हिमालयी) और क्षेत्रीय विजेताओं को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला या डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर बीएआरसी आदि जैसे प्रमुख शोध संस्थान में से किसी एक में अवसर मिलेगा (कोविड–19 स्थिति के अधीन), साथ ही साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन रुपये 2000/– प्रतिमाह की भास्कर छात्रवृत्ति शुरु कर रहा है। एक वर्ष के लिए राष्ट्रीय विजेता (हिमालयी) को एक विशिष्ट परियोजना/ गतिविधि सौंपी जाएगी। जिनका समय–समय पर मूल्यांकन किया जायेगा।

अतः आप अपने विद्यालय के कक्षा–6 से 11 तक के कम से कम प्रति कक्षा 10 विद्यार्थियों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से उक्त वेबसाइट पर अन्तिम तिथि दिनांकः 15.10.2022 तक कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी हेतु राज्य समन्वयक– श्री राम प्रताप सिंह–8057917717, जिलासमन्वयक– डा0 नरेन्द्र पाल सिंह–6395346342, सह समन्वयक–श्री रूपेन्द्र शर्मा–9897337506 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
अलीगढ़

पृष्ठांकन संख्या व तिथि यथोपरि

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. संयुक्त शिक्षा निदेशक, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़
2. राज्य समन्वयक, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, ब्रज प्रान्त, उत्तर प्रदेश।
3. जिला समन्वयक विद्यार्थी विज्ञान मंथन, अलीगढ़

जिला विद्यालय निरीक्षक,
अलीगढ़